प्रभारी सचिव ने दर्जनभर धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

4




## खबर संक्षेप

### केंद्रीय देशहा यादव समाज का महा सम्मेलन आज

**बहेराडीह।** केंद्रीय देशहा यादव समाज की बैठक ग्राम कमरीद में शुक्रवार 21 नवम्बर को दोपहर 3 बजे महा सम्मेलन रखी गई है। जिसमें सामाजिक महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा किया जायेगा।

### नवीन पंजीयन व रकबा संशोधन के लिए दिया गया अतिरिक्त समय

**जांजगीर-चांपा।** किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा धान विक्रय हेतु नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है। अब किसान 25 नवंबर तक तहसील कार्यालय में जाकर नवीन पंजीकरण एवं रकबा संशोधन करा सकते हैं। किसानों की सहायता के लिए शासन द्वारा टोल-फ्री नंबर जारी किए गए हैं।

### बुथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर गणना पत्रक पूर्ण कराने में करें सहयोग

**मालखरौदा।** निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रत्येक ग्राम में विशेष अभियान आयोजन करने के संबंध में विधानसमा क्षेत्र चन्द्रपुर एवं जैजैपुर के समस्त बुथ लेवल अधिकारियों द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रत्येक ग्राम में गणना पत्रक को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने हेतु 15 नवंबर से कार्य समाप्ति तक विशेष अभियान के तहत बीएलओ ग्राम के प्रत्येक मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक/ऑनलाईन डिजिटाईजेशन का शत प्रतिशत पूर्ण कराये जाने हेतू निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र के पारिपालन में जनपद पंचायम मालखरौदा के बिहान कैडर समस्त पी.आर.पी., एफ.एल.सी.आर.पी., सक्रिय महिला, आर.बी.के., पशु सखी, कृषि सखी एवं समस्त कैडर को बुथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर गणना पत्रक पूर्ण, ऑनलाईन डिजिटाईजेशन के कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु 19 नवंबर बुधवार से कार्य समाप्ति तक विशेष अभियान के तहत कार्य पूर्ण करने हेतु आदेशित किया गया है।

### निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन 23 को

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस लाइन जांजगीर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन 23 नवंबर को होगा। इस कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और विभिन्न तरह की बीमारियों की जांच की जाएगी। यह शिविर 23 नवंबर को सुबह 9 बजें से अपराह्न 2 बजें तक आयोजित होगा।

### महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर दी जान

**तनौद।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तनौद में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तनौद निवासी उत्तरा बाई पति दुजराम तुरकाने उम्र 30 वर्ष ने गुरुवार 20 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजें तालाब के पास बबुल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवरीनारायण पुलिस शव की पंचनामा कर जांच में जुटी है।

# बारहवीं की छात्रा संतोषी को मिला एसपी बनने का मौका, जारी किए दो अहम आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर यूनिसेफ के सहयोग से सशक्तिकरण की पहल**



अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के मौके पर एक छात्रा को पुलिस अधीक्षक की कुर्सी संभालने का मौका मिला। कक्षा बारहवीं की छात्रा संतोषी धीवर ने कुछ देर के लिए ही सही लेकिन एस पी के रूप में काम किया।पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने छात्रा को आई पी एस अधिकारी के कर्तव्य और दायित्व से अवगत कराया। इस दौरान संतोषी ने पुलिस अधिकारियो से चर्चा करते हुए बच्चों के हित में आदेश भी जारी किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बनारी की कक्षा 12 वीं की छात्रा संतोषी धीवर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर 20 नवंबर को एस पी के रूप में काम करने का अवसर मिला। एस पी कार्यालय पहुंची संतोषी धीवर को पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने बुके भेंट कर स्वागत करते हुए एस पी की कुर्सी पर बैठाया। इसके बाद संतोषी को पुलिस की कार्यप्रणाली और आई पी एस अधिकारी के दायित्व व कर्तव्य से अवगत कराया। इस अवसर पर डी एस पी श्रीमती कविता ठाकुर, सी एस पी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे द्वार जिले में साइबर सुरक्षा, महिला व बच्चों की सुरक्षा व यातायात शाखा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। संतोषी ने पुलिस अधिकारियो से चर्चा करते हुएमहत्वपूर्ण कार्यों का संपादन किया और बच्चों के हित में आदेश भी जारी किया।उन्होंने स्कूल व कालेज परिसर से 200 मीटर की दुरी पर पान ठेला गुमटियों को संचालित कराने का निर्देश दिया। संतोषी धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बनारी की छात्रा है। उसके पिता मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। संतोषी आई पी एस ऑफिसर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस हर साल 20 नवंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना है। यह दिन दुनियाभर के बच्चों के बीच आपसी समझ, सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करता है। साथ ही सरकारों और समुदायों को याद दिलाता है कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनाना सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी के अंतर्गत संतोषी धीवर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के मौके पर यूनिसेफ़ के सहयोग से सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत कुछ समय के लिए एस पी बनने का अवसर मिला।

## जिला सहकारी बैंकों में लग रही भीड़

# धान की कटाई-मिंजाई का काम छोड़ केवाईसी अपडेट कराने बैंक के चक्कर काट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान की कटाई और मिंजाई के समय किसान जिला सहकारी बैंकों के चक्कर काटने मजबूर हैं। जिले के दर्जन भर से भी अधिक जिला सहकारी बैंको में इन दिनों बैंक खाता ईकेवायसी अपडेट कराने किसानों की भीड़ लग रही है। ईकेवायसी नहीं होने की स्थिति में धान बेचने के बाद किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर होने की समस्या आ सकती है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के जिला सहकारी बैंकों में इन दिनो ईकेवायसी कराने किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है। जिले के जांजगीर,चाम्पा, अकलतरा, पामगढ, बलौदा, नवागढ सहित एक दर्जन से अधिक जिला सहकारी बैंकों में किसान सुबह से पहुंच रहे है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसानों के खाते में राशि आती है, जिन किसानों के बैंक खातों का ईकेवायसी अपडेट नहीं होगा उनको राशि ट्रांसफर के समय समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यही वजह है कि किसान इन दिनों खेत



जिला सहकारी बैंक जांजगीर में लगी किसानों की कतार।

और खलिहान में धान की कटाई और मिंजाई का काम छोड़कर बैंक की कतार में नजर आ रहे है। गुरूवार 20 नवम्बर को जिला सहकारी बैंक जांजगीर में कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। यहां ईकेवायसी कराने के लिए बैंक खुलने के बाद से ही किसानों की भारी भीड देखी गई। जांजगीर सहकारी बैंक के अंतर्गत 50 से अधिक गांवों के किसान आते है। वहीं करीब 22 हजार से भी अधिक बैंक खाता धारक किसान है जो सहकारी बैंक के माध्यम से राशि जमा एवं आहरण करने का काम करते है, लेकिन दुसरी ओर खाता धारको को ईकेवायसी कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड जा रही है। इसी तरह की भीड़ चाम्पा जिला सहकारी बैंक में भी देखने को मिल रही है। ईकेवायसी कराने के लिए बैंक खाता ,आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित अन्य तरह का दस्तावेज आवश्यक रहता है। इसके अलावा बैंक खातो में किसी भी तरह के फर्जीवाडे को रोकने के भी ईकेवायसी कराना आवश्यक हो गया है। खास बात यह है कि किसान इन दिनों खेती किसानी के कार्य में ब्यस्त हो गए है। ऐसे में ईकेवायसी कराने के लिए किसानों को अपने खेतो का काम छोड़कर ईकेवायसी कराने के लिए बैंको का चक्कर लगाने की मजबूरी हो गई है। समय रहते ईकेवायसी नही कराने की स्थिति में किसान धान बेचने के बाद जो राशि प्राप्त होती है उसे पाने के लिए बैंक का चक्कर लगाते नजर आएगें।

### दिए है दिशा निर्देश

किसानों को अपना बैंक खाता संचालन को लेकर ईकेवायसी कराना जरूरी है। ईकेवायसी कराने को लेकर शाखा प्रबंधक एवं सेवा सहकारी कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है।उक्त कार्य नही कराने की स्थिति में किसानों को लेनदेन के दौरान दिक्कत हो सकती है।

**-अमित साहू,** नोडल अफसर
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
जांजगीर-चांपा

### ज्यादातर किसानों के पास एटीएम कार्ड नहीं

आज के बदलते परिवेश में जहां बैंको की पूरी व्यवस्था आनलाइन संचालित हो रही है। उसके बाद भी जिला सहकारी बैंको की स्थिति जस की तस बनी हुई है। बैंक में एटीएम सुविधा किसानो के लिए बनाई गई है। इसके बाद भी ज्यादातर किसानों के पास एटीएम कार्ड नहीं है। ऐसे मे किसानो को धान बेचने के बाद अपनी ही जमा राशि पाने के लिए कडी मशक्कत करनी पड़ती है। वही उनके पास एटीएम की सुविधा नहीं हो पाने के चलते जमा राशि निकालने के लिए बैंको में घंटो इंतजार भी करना पडता है। जांजगीर जिला सहकारी बैंक में ही 22 हजार से भी अधिक खाता धारक किसान है, लेकिन करीब 40 फिसदी से भी अधिक किसानो के पास एटीएम कार्ड तक नही है, जिसके चलते किसानो को राशि निकालने के दौरान परेशानी उठानी पड़ती है। इस तरह की समस्या चांपा, पामगढ, अकलतरा, बलौदा सहित अन्य बैंकों के किसानो को ही रही है। उनके पास एटीएम नहीं है, जिसके कारण किसानों को राशि आहरण करने में परेशानी उठानी पड़ती है।

# रेत का अवैध परिवहन करते 17 वाहन जब्त



थाना में खड़े जब्त किए गए ट्रैक्टर व हाइवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने रेत का अवैध परिवहन 17 वाहनों को जब्त किया है।

खनिज विभाग एवं राजस्व अमले द्वारा बम्हनीडीह, खपरीडीह, पीथमपुर, अकलतरा, जांजगीर, शिवरीनारायण, केराकछार, पंतोरा तथा बलौदा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान अवैध रेत परिवहन में उपयोग हो रहे कुल 17 वाहनों को जप्त किया गया। जिला खनि अधिकारी अनिल साहू ने बताया कि बम्हनीडीह क्षेत्र में 18 नवंबर को 1 ट्रैक्टर तथा 19 नवंबर को 3 ट्रैक्टर जप्त कर थाना बम्हनीडीह में सुपुर्द किया गया। अकलतरा क्षेत्र में एक हाइवा जप्त कर थाना अकलतरा में सुपुर्द किया गया। इसी तरह चांपा क्षेत्र के हसदेव नदी के तट से 5 ट्रैक्टर जप्त कर थाना चांपा में रखा गया। बलौदा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन में लिप्त 5 ट्रैक्टर तथा शिवरीनारायण क्षेत्र में 2 ट्रैक्टर जप्त कर थाना के सुपूर्द किया गया। इसके अतिरिक्त बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण के प्रकरण पर खनिज विभाग द्वारा 5 लाख 86 हजार की जुर्माना राशि वसूल की गई है। जिला खनि अधिकारी ने बताया कि सभी दर्ज प्रकरणों में अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं एवं भंडारणकर्ताओं के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नियम अनुसार संबंधित वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

# करुमहू में मृत व्यक्ति के नाम पर धान बेचने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विकासखंड के ग्राम अर्जुनी निवासी रामाधार बजारे ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर सेवा सहकारी समिति करुमहू में मृत व्यक्तियों के नाम पर धान खरीदी किये जाने की शिकायत की गई है। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता ने नामजद शिकायत करते हुए बताया है कि ग्राम के ही एक व्यक्ति द्वारा अपने मृत माता एवं मृत चाचा के नाम पर कई वर्षों से धान का विक्रय किया जा रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा समिति प्रबंधक से मिली भगत कर मृत व्यक्तियों के नाम पर धान बेचने का आरोप लगाया गया है। इससे शासन को प्रतिवर्ष लाखों रुपये की क्षति हो रही है। शिकायतकर्ता रामाधार बंजारे ने यह भी बताया कि एक ही बंटवारे में पाये एक बराबर खेत में जहां एक भाई 60-65 क्विंटल धान बेच रहा है तो दूसरा भाई 128 क्विंटल तक धान बेच रहा है लेकिन संस्था प्रबंधक और धान बेचने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बोनस राशि में भी हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में सेवा सहकारी समिति करुमहू के संस्था प्रबंधक शंकर लाल यादव का कहना है कि ऋण पुस्तिका के आधार पर हुए पंजीयन के माध्यम से धान की खरीदी की जाती है। शिकायत कर्ता द्वारा पूर्व में भी शिकायत की गई है। वस्तुस्थिति की जानकारी उनके पास नहीं है।

# पंचायत भवन में ताला, भटक रहे ग्रामीण

**बम्हीनीडीह।** ग्राम पंचायत भंवरमाल में सचिव की लगातार अनुपस्थिति ने ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। पंचायत भवन में हमेशा ताला लटका रहता है। ऐसे में ग्रामीणों को अपना जरुरी काम कराने में दिक्कत आ रही है। गांव के एक वृद्ध ग्रामीण ने बताया कि जब भी पंचायत किसी काम से जाते हैं, वहां




ताला बंद मिलता है। सचिव महीनों में एक-दो बार ही नजर आते हैं। सचिव के नहीं मिलने से जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पेंशन आवेदन, राशन से जुड़ी समस्याएं, मनरेगा भुगतान और अन्य जरूरी सरकारी काम लंबे समय से अटके पड़े हैं। कई ग्रामीण लाभ पाने के लिए लगातार चक्कर काटकर थक चुके हैं। भंवरमाल के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सचिव की उपस्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जाए और बिना कारण अनुपस्थित रहने वाले सचिव पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उपसरपंच सरोज बरेठ का कहना है कि सचिव की अनुपस्थिति से पंचायत का काम रुका हुआ है। सचिव अपने निजी काम में व्यस्त रहते हैं। उच्च अधिकारियों को भी इससे अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में सरपंच गायत्री चौहान का कहना है कि सचिव के पंचायत में अनुपस्थित रहने के कारण बहुत सा काम रुका हुआ है जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# पंकज शुक्ला बने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

युवा कांग्रेस नें अपनी जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी की है, जिसमे जांजगीर चाम्पा विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला को जांजगीर-चाम्पा जिलाध्यक्ष बनाया गया है।



इस अवसर पर पकंज शुक्ला ने कहा छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस में मुझे जिला अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी मिली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चीब, प्रदेश प्रभारी अमित पठानीया, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश सह प्रभारी मोनिका मंडरे एवं सभी का आभार व्यक्त किया। पंकज शुक्ला ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा किया है कि उस पर वह खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। हर युवा की आवाज बनकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे। पंकज शुक्ला के युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनने पर जांजगीर चाम्पा जिले के युवाओं में खासा उत्साह है। युवाओं नें जगह जगह अपने नए जिलाध्यक्ष का स्वागत किया और बधाई दी। पंकज शुक्ला पूर्व में जांजगीर-चांपा विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके है।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंको में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



# ‘ओ ओ जाने जाना’ गाने पर झूमे शाहरुख और सलमान

**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान और सलमान खान तीन दशकों से भी ज्यादा समय से दोस्त हैं। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों कलाकार अक्सर किसी न किसी इवेंट में मिलते रहते हैं। ऐसे ही एक इवेंट में दोनों ने सलमान के मशहूर गाने ‘ओ ओ जाने जाना’ पर जमकर डांस किया। यह ‘परफॉर्मेंस’ कुछ समय पहले का है, लेकिन इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान और सलमान खान एक दूसरे के साथ डांस स्टेप्स मैच कर रहे हैं। दोनों फॉर्मल ड्रेस में हैं। डांस करते हुए दोनों काफी खुश हैं। दोनों स्टार जब स्टेज पर डांस कर रहे हैं, तो उनके सामने जो लोग मौजूद हैं वह भी उनके साथ डांस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# हुमा

## आधे से ज्यादा लोगों को ठीक से हिंदी नहीं आती

हुमा कुरैशी ने फिल्मों के बाद वेब सीरीज की दुनिया में भी अलग जगह अपने लिए बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस की सीरीज ‘महारानी’ रिलीज हुई। इस सीरीज के लिए उन्होंने बिहारी भाषा सीखी। अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए काफी मेहनत की। लेकिन, हुमा का मानना है कि बॉलीवुड की स्थिति अलग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हिंदी सिनेमा से जुड़े होने के बाद भी कई लोगों को बॉलीवुड में हिंदी नहीं आती है। इस बात से हुमा काफी दुखी हैं। हुमा कुरैशी ने कहा, ‘हिंदी फिल्म इंडस्ट्री होने के बावजूद आधे से ज्यादा लोग ठीक से हिंदी नहीं जानते हैं। सेट पर बातचीत भी इंग्लिश में होती है। यहां तक कि हमारी स्क्रिप्ट भी इंग्लिश में ही छपती है। मेरा सवाल है कि आप फिल्में किसके लिए बना रहे हैं? आप इन्हें हिंदी बोलने वाले दर्शकों के लिए बना रहे हैं। तो कम से कम हिंदी तो बोलिए। पिछले दिनों हुमार कुरैशी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए गए इंटरव्यू में बताया था कि वह कोई भी भाषा जल्दी सीख जाती हैं। वह कहती हैं, अगर मैं किसी के साथ रोज आधा या एक घंटा बिताऊं, तो उनकी तरह बोलना शुरू कर सकती हूं। कुछ दिन पहले हुमा कुरैशी को सिंगर हिमेश रेशमिया के म्यूजिक कॉन्सर्ट में देख गया। इस कॉन्सर्ट में वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड रचित सिंह के साथ देखा गया। रचित ने हुमा के गले में हाथ डाला हुआ था, यही वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। लेकिन अब तक अपने रिश्ते को लेकर हुमा कुरैशी ने कोई बयान नहीं दिया। अपने रिलेशनशिप को पब्लिकली कंफर्म नहीं किया है।



हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडरमैन बनकर लौटेगा...

**लॉस एंजिल्स।** ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ मार्वल यूनिवर्स अगली बड़ी फिल्म है, जो साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में वैनेसा किबी, रॉबर्ट डाउने जूनियर और लुईस पुलमैन जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। हॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने जानकार डेनियल रिचमैन ने बताया है कि सभी के फेवरेट टोबी मैग्वायर मोस्ट अवेटेड फिल्म ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ में स्पाइडर मैन के किरदार में फिर से दिखाई दे सकते हैं। एवेंजर्स डूम्सडे में टोबी मैग्वायरका कैमियो होगा या फिर वह फुल फिल्म में स्पाइडर मैन बनकर एक्शन करते दिखाई देंगे।



# अपने फैसलों पर होता है पछतावा..!

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे कामयाब अभिनेत्रियों में शामिल हैं। अपने 18 साल के कॅरियर में दीपिका पादुकोण ने अब तक कई कामयाब फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म ‘ओम शांति ओम’ से की और वह पैन इंडिया ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘कल्कि 2898 ए.डी.’ में नजर आईं। हालांकि, उनकी कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। हाल ही में दीपिका ने एक इंटरव्यू में माना कि कई बार उन्होंने गलत फैसले भी लिए हैं, जिसका उन्हें पछतावा है। दीपिका ने बताया कि वह फिल्म चुनते वक्त किन बातों का ध्यान देती हैं। दीपिका ने बताया ‘सबसे बड़ी चीज प्रमाणिकता है। जो भी चीज सच्ची नहीं लगती, वह मुझे रास नहीं आती। कभी-कभी लोग बहुत सारा पैसा देते हैं और सोचते हैं कि इससे सब कुछ हो जाएगा।



# परिणीति- राघव ने शेयर की बेटे की झलक

**मुंबई।** परिणीती चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा हाल में बेटे के पेरेंट्स बने हैं। 19 अक्टूबर को कपल ने एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की थी। अब ठीक एक महीने बाद परिणीती ने नया पोस्ट शेयर कर दुनिया को अपने बेटे का नाम बताया है। एक्ट्रेस ने अपने बेटे के नाम का मतलब और पहली झलक शेयर की है। इन तस्वीरों में राघव भी नजर आ रहे हैं। दोनों बेटे को चूमते नजर आए। परिणीती ने बेटे की पहली झलक शेयर करते हुए नाम उजागर किया है। एक्ट्रेस ने संस्कृत का एक श्लोक शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा है, ‘जलस्य रूपम्, प्रेमस्य स्वरूपम् - तत्र एव नीर।’ एक्ट्रेस ने आगे लिखा, ‘हमने उसका नाम ‘नीर’ रखा है। शुद्ध, दिव्य, असीम। इस पोस्ट पर वरुण धवन ने रिएक्शन दिया है। भारती सिंह को भी नाम पसंद आया।



# रैपर निकी मिनाज ने संयुक्त राष्ट्र में उठाया गंभीर मुद्दा...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि नाइजीरिया में ईसाइयों को सताया जा रहा है। इस बात को निकी मिनाज ने भी मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में कहा है। त्रिनिदाद में जन्मी निकी मिनाज ने ट्रंप को शुक्रिया भी कहा क्योंकि इतने जरूरी मुद्दे पर उन्होंने बात की। इस महीने शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया में ईसाइयों को सताए जाने का मुद्दा उठाया। सोशल मीडिया पर भी उन्होंने यह बात कही, जिस पर निकी मिनाज ने भी रिएक्शन दिया था। इस मुद्दे के चर्चा में आने के बाद संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निकी ने अमेरिकी मिशन के एक पैनल में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज और रिलीजियस लीडर के साथ बात की। वह कहती हैं, दुख की बात है कि यह समस्या न केवल नाइजीरिया में, बल्कि दुनिया भर के कई अन्य देशों में भी बढ़ती जा रही है।

टीवी मसाला



# नई वेब सीरीज: छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** सिंगल मदर्स पर तो हमने कई दिलचस्प कहानियां देखी हैं। लेकिन, इस बार बात ‘सिंगल पापा’ की है। यह सीरीज 12 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। ओटीटी पर एक नई कॉमेडी सीरीज ‘छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका’ आ रही है, जिसमें कुणाल खेमू लीड रोल में हैं। उनके किरदार का नाम ‘जीजी’ है। एक ऐसा इंसान जिसकी उम्र तो बढ़ गई, लेकिन हकरतें बच्चों वाली हैं। ऊपर से बीवी ने तलाक दे दिया है। मजेदार बात यह कि अपने बाकपन में बिना सोचे-समझे, जीजी एक बच्चे को गोद ले लेता है। अब इसके बाद उसका क्या होता है, यह देखने लायक होगा। ‘सिंगल पापा’ एक नई फैमिली कॉमेडी वेब सीरीज है। फर्स्ट लुक पोस्टर आ गया है। यह शो आज के इस नए जमाने में पिता बनने के बाद उथल-पुथल भरी जिंदगी पर मजेदार और मार्मिक नजर डालती है। शो में कुणाल खेमू के साथ प्राजक्ता कोली, आयशा रजा और मनोज पाहवा भी हैं कहानी का नायक गौरव गहलोत है, जो एक हट्टा-कट्टा पुरुष है, लेकिन दिमाग बालकों वाला है। गौरव गहलोत उर्फ जीजी की उम्र तो बढ़ गई, लेकिन अक्ल और भावनाएं बचपने में ही अटकी हैं। जीजी का नया-नया तलाक हुआ है। रिश्ता टूटने का उसे दर्द तो है, लेकिन इससे उबरने के लिए वह जल्दबाजी में एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। अब बच्चे की परवरिश करना कोई आसान बात तो है नहीं, खासकर जीजी के लिए और भी सिंगल पापा बनकर। तो कहानी में आगे उसकी जिंदगी में उथल-पुथल है। ढेर सारा पारंपरिक ड्रामा है, हैरान-परेशान कर देने वाली हरकते हैं। लेकिन, इसी के साथ एक सिंगल फादर के संघर्ष की मार्मिक कहानी भी है।



## मलाइका ने कंटेस्टेंट के सिर पर रखे गैस-चूल्हे पर बनाई चाय

**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा हाल ही यो यो हनी सिंह के गाने ‘चिलगम’ के कारण खूब सुर्खियां बटोर रही थीं और कुछ यूजर्स ने उनके डांस के कारण एक्ट्रेस को निशाने पर ले लिया था। अब वह नए रियलिटी शो ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ के कारण चर्चा में हैं। मलाइका अरोड़ा इसमें जज बनी हैं और साथ में नवजोत सिंह सिद्धू भी हैं। हाल ही मलाइका ने शो के एक एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सिर पर गैस-चूल्हा रखकर चाय बनाई। फिर चाय नवजोत सिद्धू और बाकी लोगों को भी पिलाई। मलाइका के साथ-साथ कंटेस्टेंट की दिलेरी देख सबके पसीने छूट गए। इसे ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ के आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा, पर मेकर्स ने इसका प्रोमो रिलीज किया है। ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ में एक से बढ़कर एक कंटेस्टेंट्स अपना हुनर लेकर आ रहे हैं, जो सभी को हैरान कर रहा है। शो में एक ऐसा कंटेस्टेंट भी आया, जिसने अपने सिर पर एक गिलास के ऊपर गैस और चूल्हा रखकर बैलेंस किया। यह देख सब हैरान रह गए।

# मस्ती-4 को मिला ए सर्टिफिकेट, हटाया गया 9 सेकंड लंबा जानवरों से जुड़ा सीन

**मुंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी की एडल्ट कॉमेडी फिल्म मस्त का चौथा पार्ट आ रहा है। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित मस्ती 4 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सीबीएफसी ने एडल्ट सर्टिफिकेट किया है। उन्होंने कई बदलाव और कट्स को बोले हैं जिसके बारे में आपको बताते हैं।

***क्या बदलाव करने को कहा गया :*** सीबीएफसी ने मेकर्स ने मस्ती 2 के 3 डायलॉग को मॉडिफाई और एक को रिप्लेस करने को बोला है। बहन और आइडम जैसे शब्दों को रिप्लेस करने को कहा है। एक शराब के ब्रांड के नाम को फिक्शनल नाम दिया है। इसके अलावा सीबीएफसी ने मेकर्स को 9 मिनट का लंबा टॉप एंगल एनिमल हम्पिंग विजुअल को डिलीट करने को भी बोला है। 30 सेकंड का ह्यूमन फेस का लॉन्ग और क्लोज विजुअल भी ट्रिम किया है। सारे मॉडिफिकेशन के बाद फाइनल रमटाइम मस्ती 4 का है 144.17 मिनट यानी 2 घंटे 24 मिनट और 17 सेकेंड का।



### *आफताब बोले यह फिल्म फन के लिए है*

*आफताब ने मस्ती 4 की थीम को लेकर कहा था यह फिल्म ना महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करता है और ना ही एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर को प्रमोट करता है। उन्होंने कहा, ‘मस्ती 1 में लोगों को लगा कि हम महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई कर रहे हैं और एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर को प्रमोट कर रहे हैं, लेकिन यह एक सिंपल फिल्म है जिसमें 3 आदमी बाहर कुछ मस्ती करना चाहते हैं, लेकिन एंड में उन्हें उनकी पत्नियों से एक सीख मिलती हैं। यह सब सिर्फ एंटरटेनमेंट है। कई सीरियस फिल्म अफेयर्स पर फिल्म बनाते हैं, लेकिन उनपर कोई सवाल नहीं करता है।’*

# चेक करनी है पार्टनर की लॉयल्टी? तो इस फिल्म से लें आइडिया...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में भी बनी हैं, जो कपल की लॉयल्टी पर बेस्ड हैं। इन फिल्मों को देखने का एक फायदा यह होता है कि इससे यह पता करने में आसानी होती है कि कई आपका पार्टनर आपको चीट तो नहीं कर रहा है। चाहे शादीशुदा हो या कमिटेड लॉयल्टी चेक वाली फिल्में देखने में कोई बुराई नहीं है, क्योंकि आज के टाइम में किसी पर भी आंख मूंद कर भरोसा करना ठीक नहीं है। क्योंकि, अब तो सोशल मीडिया पर रिलेशनशिप को लेकर इतना रायता फैल गया है कि लोगों के बने बनाए घर तक बिगड़ गए हैं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस फिल्म के बारे में जिसे देखने के बाद आप पता कर सकते हैं कि आपकी या आपका पार्टनर, बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड आपके पीठ पीछे कोई गुल तो नहीं खिला रहे हैं।



### कपल के सामने थी कुछ ऐसी शर्त

पहले पार्ट में फिल्म लवयापा होती है और दूसरे पार्ट में यह लव+सियापा बन जाती है। जब दोनों की बात शादी तक पहुंच जाती है, तो बानी के पिता दोनों के सामने एक ऐसी शर्त रखते हैं, जिससे दोनों की असल मोहब्बत की परतें खुलकर सामने आ जाती हैं। शर्त यह होती है कि दोनों को 24 घंटे के लिए एक-दूजे का मोबाइल फोन एक्सचेंज करना है। हालांकि, दोनों के लिए ऐसा करना कठिन था, फिर भी दोनों ने शादी के लिए यह डील मान ली।

### पार्टनर की पोल खोल देगी ये फिल्म

इस फिल्म का नाम है लवयापा। फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया था। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह दिल्ली के रहने वाली गौरव (जुनैद) और बानी (खुशी ) नामक कपल पर बेस्ड है। यह दोनों इंस्टाग्राम पर मिलते हैं और काफी समय तक एक-दूजे को डेट करते हैं। इस दौरान वह एक-दूजे को जानने और समझने की कोशिश भी करते हैं। दोनों में बहुत खूबसूरत केमिस्ट्री चल रही है होती है कि तभी इन दोनों की लाइफ में ऐसा ट्विस्ट आता है कि इनका बाबू-शोना वाला प्यार देखते ही देखते लड़ाई झगड़े में तब्दील हो जाता है।

## गानों में हैं अलग तरह की गहराई, दर्द और मेलोडी

# जुबीन गर्ग के इन गानों ने दर्शकों के दिलों में बनाई खास जगह

***मुंबई।*** *दिवंगत असमिया गायक जुबीन गर्ग के गानों में अलग तरह की गहराई, दर्द और मेलोडी है, जो उन्हें बाकी गायकों से अलग बनाती थी। जुबीन गर्ग गायकी की दुनिया का वो नाम थे, जो जन-मानस के दिलों पर आज भी राज करते हैं। गायक तो अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके गीत सदा के लिए अमर हो चुके हैं।*





### या अली

साल 2006 में अनुराग बसु के निर्देशन में फिल्म ‘गैंगस्टर’आई थी। इस फिल्म का गाना ‘या अली’ काफी प्रसिद्ध हुआ था, जिसे जुबीन गर्ग द्वारा गाया गया था। इसे संगीतबद्ध प्रीतम ने किया था। यह ट्रैक आज भी पुराने-नए सभी म्यूजिक प्लेलिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए है।

### जाने क्या चाहे मन

साकेत चौधरी के निर्देशन में साल 2006 में फिल्म ‘प्यार के साइड इफेक्ट्स’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘जाने क्या चाहे मन’ को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। इस गीत को जुबीन गर्ग की आवाज ने अमर बना दिया।

### दिल तू ही बता

ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म ‘कृष 3’ 2013 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में मौजूद ‘दिल तू ही बता’ गाने को जुबीन गर्ग ने आवाज दी थी। यह रोमांटिक सॉन्ग दर्शकों के दिलों को छू गया था। इस गाने में जुबीन गर्ग के साथ अलीशा चिनॉय भी थीं।

### की कसूर

मोहित हुसैन के निर्देशन में साल 2007 में फिल्म ‘कैसे कहें’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘की कसूर’ को जुबीन गर्ग ने आवाज दी थी। सिंगर की दिल छू लेने वाली गायकी ने इसे एक क्लासिक सॉन्ग बना दिया।

### जीना क्या तेरे बिना

साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म ‘क्या लव स्टोरी है’का गाना ‘जीना क्या तेरे बिना’ इमोशंस को बयां करता है। जुबीन गर्ग की आवाज ने इस गाने को भावनाओं से भरने का काम किया था।

### जग लाल लाल लाल

गुड्डु धनवा के निर्देशन में साल 2007 में फिल्म ‘बिग ब्रदर’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘जग लाल लाल लाल’ को दर्शकों ने ढेर सारा प्यार दिया था। जुबीन गर्ग की गायकी ने इसे लोगों के लिए और भी यादगार बना दिया।

## खबर संक्षेप

### बसंतपुर मिडिल स्कूल में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान




**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल केंद्र बिर्रा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर में मंगलवार 18 नवबंर को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर के प्रधान पाठक दामोदर प्रसाद देवांगन, शिक्षक मनबोध पटेल, प्रकाश नारायण शशि, ग्राम पंचायत बसंतपुर के सरपंच मेलाराम चौहान, सचिव छोटेलाल पटेल,पंच गिरिजाशंकर देवांगन के अलावा पंचायत पदाधिकारी और नागरिकगण उपस्थित थे।

### ज्ञान भारती स्कूल में बच्चों ने लगाए विभिन्न व्यंजन के स्टॉल




**जांजगीर - चाम्पा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मोत्सव पर ज्ञान भारती विद्यालय जांजगीर में बाल आनंद मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दिलीप चतुर्वेदी, डॉ. आर.सी. पाण्डेय संचालक, आर.के. जैन पूर्व प्राचार्य, रवि शर्मा, ब्रांच मैनेजर, एसबीआई नैला, गणेश राम जांगड़े प्राचार्य (अंग्रेजी माध्यम), श्रीमती सीमा कश्यप , प्राचार्या (हिन्दी माध्यम) , देवेन्द्र राठौर स्कूल प्रबंधक, गीतेश राठौर सहायक प्रबंधक एवं सुमन्त पटेल द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं पं. नेहरू की प्रतिमा के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने मनपसंद स्व-निर्मित व्यंजन, पानी पुरी, भजिया, समोसा, मोमोज, चाट, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, मंचूरियन, जरी चना, कटोरी चाट, इडली, चॉकलेट की दुकानें लगाईं तथा पोस्टर प्रतियोगिता एवं गेम का भी आयोजन किया।

### सशक्तिकरण और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही बीबी फातिमा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन



**चांपा।** ओम सिटी चांपा में 15 नवम्बर को बीबी फातिमा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा हौसला अफज़ाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे समाजसेवी प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज में सकारात्मक बदलाव, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उमा नंदिनी जायसवाल, शैलजा बाजपेई और करमेला खाखा उपस्थित रहीं। अतिथियों ने फाउंडेशन की निरंतर सेवाभावना और सक्रियता को समाज के लिए प्रेरक बताया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालीन योगदान के लिए शैलजा बाजपेई एवं करमेला खाखा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। साथ ही 2025 के बेस्ट टीचर अवार्ड से योगेश्वरी तंबोली, भावना मसीह, शबीना बानो खान, अल्कीन खान और फरीदा बी कुरैशी को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में 25 प्रतिभाशाली बालिकाओं को अध्ययन और उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहन सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. धनेश्वरी जागृति, जया गोपाल, संगीता पांडेय सहित कई शिक्षिकाएं और मुस्लिम समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## निधन

### श्रीमती ललिता कश्यप



**किरारी।** गौरव ग्राम पवना के प्रतिष्ठित नागरिक गणेश प्रसाद कश्यप की धर्म पत्नी श्रीमती ललिता कश्यप की आकस्मिक निधन 19 नवंबर की रात्रि हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 नवंबर को पारिवारिक समाधी स्थल में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र रामनारायण कश्यप ने दी। वे बसन्त कश्यप,नागेश कश्यप की माता दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर चली गई। अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए ।

### रामेश्वर लाल सिंघानिया



**नैला-जांजगीर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रामेश्वर लाल सिंघानिया (नेताजी) का 96 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे नारायण सिंघानिया, शंकर सिंघानिया व पवन सिंघानिया के पिता एवं डॉ गोविंद सिंघानिया, विजय सिंघानिया एवं विनोद सिंघानिया के चाचा तथा गणेश सिंघानिया के ताऊ थे।

---

किसान से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं के संबंध में ली जानकारी

# प्रभारी सचिव ने दर्जनभर धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के प्रभारी सचिव एस. प्रकाश ने जिला प्रवास के दौरान दर्जनभर धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता, आर्द्रता मापी यंत्र से धान की नमी और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से धान तौलाई का देखा। साथ ही खरीदी केंद्र में किसान से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं के साथ बारदाने की उपलब्धता, स्टेकिंग, भंडारण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली।

प्रभारी सचिव एस. प्रकाश ने गुरुवार 20 नवंबर को जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे के साथ धान उपार्जन केन्द्र अकलतरा, तिलई, खोखरा, कुटरा, पामगढ़, मेउ, रहौद, खरौद, लोहर्सी, शिवरीनारायण में धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया। प्रभारी सचिव ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से चर्चा कर उनसे मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान की गुणवत्ता, आद्र्रता मापी यंत्र से धान की नमी और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से धान तौलाई का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से ऑनलाईन टोकन, नाप तौल, कोचियों एवं बिचौलियों के संबंध में जानकारी ली। किसान ने बताया कि धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। प्रभारी सचिव श्री प्रकाश ने कम्प्यूटर ऑपरेटर को दिए गए प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की तकनीकी दिक्कत होने पर उसका त्वरित समाधान करें। उन्होंने आद्र्रतामापी यंत्र के माध्यम से धान की नमी मापने , धान की तौलाई, बारदाने की उपलब्धता, स्टेकिंग, भंडारण एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने कहा कि धान खरीदी के समय स्वच्छ, सूखा एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी होना चाहिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में मोटा, पतला, सरना धान के संबंध में जानकारी ली साथ ही सभी को अलग अलग स्टेकिंग करने कहा। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में सीसीटीवी, ड्रेनेज,कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर्स, इंटरनेट क्नेक्टीविटी, श्रमिकों, भंडारण, पेयजल, प्रकाश सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सभी समितियों में फलैक्स के माध्यम से किसानों को धान खरीदी के समय की जानकारी दी गई है तथा किसानों को टोकन पर्ची, किसान पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं पंजीयन की प्रति लाने संबंधी सूचना चस्पा की गई है। इस अवसर पर एसडीएम सुब्रत प्रधान, देवेंद्र चौधरी, सुमित बघेल, जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू , सीसीबी नोडल अमित साहू, उप पंजीयक सहकारिता श्रीमती मंजू पांडेय, डीएमओ एवं अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।



धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रभारी सचिव एस प्रकाश एवं कलेक्टर महोबे।

### प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी कार्य को सुचारू एवं बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के संबंध में प्रभारी सचिव एस प्रकाश ने रेस्ट हाउस शिवरीनारायण में कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जीरो शॉर्टेज के लक्ष्य को हासिल करने धान खरीदी केन्द्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में एग्रीस्टेक अंतर्गत किसानों के पंजीयन तथा खरीदी केन्द्रों में बारदाना उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने अवैध धान परिवहन रोकने गठित उड़नदस्ता दल की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए सभी दलों को सक्रिय रहकर बेहतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में चेकलिस्ट के अनुसार आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने तथा उपकरणों-मशीनों को नियमित रूप से क्रियाशील अवस्था में बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया। तकनीकी गड़बड़ियों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के साथ-साथ उठाव की आवश्यक तैयारी समय से कर ली जाए, ताकि खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति न बने और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नोडल अधिकारियों को अपने-अपने केंद्रों का सतत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा समिति प्रबंधकों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---



# अगहन के तीसरे गुरुवार पर मां लक्ष्मी की विधि-विधान से हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अगहन के तीसरे गुरुवार पर 20 नवंबर को मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा की तैयारी महिलाओं द्वारा बुधवार शाम से ही कर ली गई थी। उन्होंने इसके लिये गीले चावल की पिसाई कर रेहान तैयार किया। साथ ही घर के मुख्य द्वार पर रंगोली भी बनाई गई।

■ रेहान तैयार कर घर के मुख्य द्वार पर बनाई गई रंगोली

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि अगहन महीने के गुरुवार को सुबह-सवेरे मां लक्ष्मी सभी के घरों का निरीक्षण करती है और साफ-सफाई देखकर घर में प्रवेश करती है। घरों में लक्ष्मी जी की स्वागत की तैयारी बुधवार शाम से ही महिलाओं ने पोछा लगाकर व गोबर से लिपकर पूरे घर को पवित्र कर लिया था। चावल के घोल से घर मुख्य द्वार से चौक पुर कर सभी कमरों और पूजा कमरे व भण्डार कक्ष तक संकल वाली चौक बनाई गयी थी। घर के प्रत्येक चौखट पर लक्ष्मी जी के गांव का प्रतीक पद चिन्ह उसी रेहान से उकेरा गया। उन पद चिन्हों की दिशा घर प्रवेश की तरफ थी। आज सूर्योदय से पूर्व ब्रम्ह मूहूर्त में ही उठकर महिलाओं ने आंवले व हल्दी का उबटन लगाकर जल से स्नान किया। ततपश्चात पूरे घर के चौक की पूजा करके लक्ष्मी जी का विधि-विधान से पूजा की गई। द्वार को दीप और फूलों से सजाया गया। आरती पश्चात लक्ष्मी पुराण का पठन भी श्रद्धालुओं ने किया। ततपश्चात आज लक्ष्मी माता को पुरनपुरी का भोग लगाया गया। तीसरे गुरूवार को तिल गुजिया को भोग लगाया गया, वहीं चौथे गुरूवार को खीर पुड़ी व माड़ा पीठा का प्रसाद लगाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में विशेष रुप से मां लक्ष्मी माता की पूजन अगहन गुरुवार मनाया जाता है। मां जगतजननी लक्ष्मी माता की पूजन से घर में लक्ष्मी का वास होता है। इस माह को लेकर यह मान्यता है कि अगहन गुरुवार में मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक का विचरण करने आती हैं, जो श्रद्धालु घर-द्वार की विशेष साज-सज्जा के साथ मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करता है। उस के घर सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

---

# उच्च गुणवत्ता वाले पौध उत्पादन के लिए स्थापित की गई ऑटोमेटिक वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले में गुणवत्ता पौध सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु उद्यानिकी विभाग द्वारा जिला सक्ती के विकासखण्ड डभरा अंतर्गत शासकीय उद्यान रोपणी चुरतेली में उच्च गुणवत्ता वाले पौध उत्पादन हेतु आधुनिक ऑटोमेंटिक प्लग टाईप वेजीटेबल सीडलिग उत्पादन यूनिट केन्द्र स्थापित किए गए है। जिसकी पौध उत्पादन क्षमता वार्षिकी 1 करोड़ है।

इससे बागवानी सब्जी क्षेत्र विस्तार को बढ़ावा, समय से पूर्व फसलों के बुआई कर पायेगें, सब्जी उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी, किसानों के आय में वृद्धि होगा। कृषक कम दरों में समस्त प्रकार के तैयार सीडलिंग पौध प्राप्त कर सकते है एवं कृषक स्वयं बीज देकर पौध तैयार करा सकते है। परम्परागत तरीके से सब्जी पौध तैयार करने से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जैसे कि सीडलिंग पौध का गल जाना, जलवायु संबंधी समस्या, भूमि संबंधी समस्या, कीट व्याधि व रोग संबंधी समस्या होती है। जिसके कारण कृषक का पौध पूर्णतः खराब होता है या आर्थिक समस्याओं का सामना कर पड़ता है क्योंकि खेती का मुख्य आधार ही सीडलिंग पौध है। अगर वही स्वस्थ न हो तो उत्पादन में कमी आयेगी।



उद्यान रोपणी में लगा वेजीटेबल सीडलिग उत्पादन यूनिट।

### भारी वाहनों के आवागमन पर लगा प्रतिबंध

**जांजगीर - चाम्पा।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क राछाभांठा से बरबसपुर विकासखण्ड नवागढ़ में भारी वाहनों के आवागमन होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रहा है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जनसुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टिकोण से केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं सहपठित छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम राछाभांठा से बरबसपुर विकासखण्ड नवागढ़ में भारी मालयान वाहनों के आवागमन को 15 नवम्बर से 25 नवम्बर तक प्रतिबंधित किया है।

# शिविर में 74 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ रक्तदाताओं को यातायात जागरूकता हेतु हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

समाजसेवक एवं कर्मचारी नेता स्व. रामबाबू शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नगर के बगड़िया भवन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि, सम्मानित नागरिक और युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ इस सेवा कार्यक्रम में भाग लिया। शिविर में 74 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजकों ने बताया कि स्व. राम बाबू शर्मा का जीवनभर समाजसेवा, कर्मचारी हित और जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रहे। उनकी इसी विचारधारा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह रक्तदान शिविर रखा गया था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सम्मानित नागरिको ने स्व. राम बाबू शर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका जीवन समाज के लिए समर्पण और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक रहा है। वेल विशर फाउंडेशन के सदस्यों ने सभी रक्तदाताओं को यातायात जागरूकता हेतु हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले के प्रति आभार प्रदर्शित किया गया।



रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि।

---

# जिला कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में 19 नवंबर को जांजगीर स्थित स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रतिमा स्थल के पास मनाई गई। कार्यक्रम के पूर्व उनके प्रतिमा में पुष्पमाला अर्पित कर धूप दीप प्रज्वलित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी दृढ निश्चय, साहसपूर्ण कार्य और देश के हित में सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान के लिए सदैव याद किए जाएंगे। जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री पद पर लंबी अवधि के दौरान उन्होंने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए जैसे बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रीवियर्स की समाप्ति, गरीब वर्ग के लोगों के पिछड़ेपन में सुधार लाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए 20 सुत्रीय कार्यक्रम प्रारंभ किये, वे प्रतिक्रिया वादियों के विरोधी थे और राष्ट्रीय सामंजस्य के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है।कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रफीक सिद्दकी ने एवं आभार प्रदर्शन विवेक सिसोदिया ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष देव कुमार पांडे, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष महारथी बघेल, अजीत सिंह राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद कश्यप, परमेश्वर निर्मले, हेमलता राठौर, राइस किंग खुटे, संतोष बबई गढ़वाल प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।



# आत्मानंद स्कूल की 54 छात्राओं को दी गई निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

स्वामी आत्मानंद शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं बीपीएल वर्ग की छात्राएं जिसमें हिंदी माध्यम के 22 एवं अंग्रेजी माध्यम के 32 कुल 54 छात्राओं को निःशुल्क सायकिलों का वितरण किया गया। योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्राप्त होगी तथा शिक्षा की निरंतरता को बढ़ावा मिलेगा।

सायकल वितरण कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े, श्रीमती रंजना मानेश जांगड़े,अध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रूपचंद साहू जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संतोषी मनोज रात्रें, दीनदयाल साहू सदस्य जनपद पंचायत, मनोज घोष, मनोज रात्रे आदि शामिल रहे।

**शोक संदेश**

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीया माताजी **श्रीमती भगवती कश्यप** का आकस्मिक निधन दिनांक 13.11.2025, गुरुवार को हो गया है। जिनका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 22.11.2025, शनिवार को संपन्न होगा। अतः आप उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

**कार्यक्रम स्थल**
हमारा निवास स्थान: ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)
शांति भोज : दोपहर 2 बजे से

श्रीमती भगवती कश्यप

विनीत : राजू कश्यप (जलवा), राजा कश्यप, गोलू कश्यप (पुत्र)
मो.: 9425543961, 9329667847, 9303062463
शोकाकुल : समस्त कश्यप परिवार
नोट: जिस किसी स्नेहीजन को शोकपत्र न मिला हो इसे ही सूचना मानें।

---

मठ मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुनने दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

# गृहस्थ के लिए उसका घर ही तपोवन : मधुसूदनाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

गृहस्थ के लिए उसका घर ही तपोवन है जब यज्ञ का अनुष्ठान करने का संकल्प करोगे तो सबसे पहले देवता ही विघ्न करते हैं और जब आप दृढ़ता पूर्वक आगे बढ़ोगे तो वही देवता सहायता भी करते हैं इसलिए अपने नियमों पर दृढ़ता पूर्वक डटे रहना।

यह बातें श्रीधाम अयोध्या पुरी उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज ने चतुर्थ दिवस व्यास पीठ की आसंदी से अभिव्यक्त की। वे श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में श्रोताओं को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुना रहे थे। उन्होंने कहा कि तुम्हारा शरीर कितना भी सुंदर हो, कितना सुडौल हो याद रखना इसकी केवल तीन गति है, या तो यह सड़ कर कीड़ा बन जाएगा, किसी पशु ने खा लिया तो विष्ठा बन जाएगा और नहीं तो दाह संस्कार के बाद राख बन जाएगा। मनुष्य का शरीर बार-बार नहीं मिलता इसे प्राप्त कर व्यर्थ मत खोना, निरंतर हरि का चिंतन करना उनका स्मरण करना और अपने जीवन का मार्ग सुधार लेना तब तुम्हारा मनुष्य तन प्राप्त करना सार्थक हो जाएगा। भगवान के भजन करने के लिए घर छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। वन में जाने की आवश्यकता नहीं है। यदि घर छोड़कर जाओगे तो जंगल में कुटिया बनाओगे, तुम्हारा पेट तुम्हारे साथ जाएगा, भूख वहां भी लगेगी। तुम्हारे सारे दुख दर्द भी साथ जाएंगे फिर वही करोगे जो यहां करते हो इसलिए अपने गृहस्थ जीवन में ही भगवान की साधना करना, गृहस्थ के लिए उसका घर ही तपोवन है। मंच पर मुख्य यजमान के रूप में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज विराजित थे।



आरती करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज एवं श्रद्धालु।

### छत्तीसगढ़ शासन के सचिव और कलेक्टर हुए सम्मिलित

श्रीमद् भागवत महापुराण में चतुर्थ दिवस दोपहर में काफी भीड़ थी। गरियाबंद, राजिम, रायपुर जैसे दूरस्थ अंचल से श्रोता यहां पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ शासन के सचिव एस प्रकाश, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, थानेदार शिवरीनारायण, सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
**रामेश्वरम् धाम यात्रा**
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411